## महत्वपूर्ण एवं खास

### ड्यूटी जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**कवर्धा (आरएनएस)।** ड्यूटी में जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद करीबन आधे घंटे तक युवक सड़क पर तड़पता रहा. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों के उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 30 रायपुर-जबलपुर पर हरिन छपरा गांव के समीप घटी. बाइक से भोरमदेव शक्कर कारखाना में ड्यूटी करने जा रहे रविन्द्र पाठक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया. ग्रामीणों ने सड़क पर घायल पड़े युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी। दौड़ते-भागते घटना स्थल पर पहुंचे परिजन निजी एम्बुलेंस से युवक को जिला हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मामले की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बैगा की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर (आरएनएस)।** पत्थलगांव पुलिस ने झाड़फूंक करने वाले बैगा भूखन तिर्की की हत्या के आरोपी सुखीराम को आज गिरफ्तार किया. एसडीओपी हरीश पाटिल ने बताया कि इस मामले में घटना स्थल पर कोई भी साक्ष्य नहीं थे. इस वजह से अलग-अलग बिंदुओं की सूक्ष्म पड़ताल की गई. इसमें मृतक व्दारा झाड़फूंक का इलाज करने की बात सामने आई थी. इसी जानकारी के बाद हत्याकांड का आरोपी सुखीराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई. पत्थलगांव के बालाझार गांव में अंधे कत्ल के इस मामले में पुलिस की टीम ने घटना स्थल पर सघन जांच पड़ताल की. इसके बाद हत्या के आरोपी सुखीराम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. सरगुजा जिले के राताखांड गांव में रहने वाला आरोपी सुखीराम ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी का इलाज करने वाला बैगा भूखन तिर्की ने झाड़फूंक का इलाज से मरीज को सही कर देने का दावा किया था, लेकिन इस इलाज के बाद उसकी पत्नी की हालत और खराब हो गई थी. इसी बात को लेकर उसका भूखन बैगा के साथ विवाद हो गया था, जिससे उसने भूखन की डंडे से पिटाई कर दी थी।

### अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराया, एक की मौत, दो घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। जिससे बाइक चला रहा युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे धरसींवा पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हीरालाल पाल 22 वर्ष अपने दो साथी दानेश व यशवंत के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एलसी 4718 में सवार होकर कहीं जा रहा था। तभी ग्राम गिरौद के पास हीरालाल बाइक से नियंत्रण खो बैठा और बाइक सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में हीरालाल के सिर पर गंभीर चोट लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दानेश व यशवंत को घायल अवस्था मे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### गांजा बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** नरैया तालाब के पास रोड किनारे अवैध रूप से गांजा बेचते एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरैया तालाब के पास एक युवक रोड के किनारे गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नंदलाल रामी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# त्रिवेणी संगम में नदी की रेत से शिवलिंग बनाने की सदियों से है परंपरा

**राजिम (आरएनएस)।** माघी पुन्नी मेला में सोमवार को त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने नदी की रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। बिल्वपत्र, धतुरा, केशरईया, कनेर के साथ ही दूध, दही, घी, मिश्री, शक्कर, शहद, सुगंधित तेल, चंदन, गंगाजल समर्पित किया गया। आरती उतारी गई तथा अर्ध परिक्रमा किया गया। पश्चात मंदिरों में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किये गये। किंवदंति के अनुसार वनवास काल के दौरान दशरथ पुत्र रामचन्द्र देवी सीता के साथ महर्षि लोमश से मिलने पैदल चलते हुए नदी मार्ग से पहुंचे थे। चर्तुमास व्यतीत कर यहां उपस्थित राक्षसों का समूल नाश किया। इस दौरान देवी सीता संगम नदी में स्नान कर शिव के अराधना के लिए रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। जैसे ही उन्होंने जल डाला पांच ओर से धारा फूट गया और उसी दिन से शिवलिंग का नाम पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव नाम पड़ा। जानकारी के मुताबिक ऐसा शिवलिंग विश्व में कहीं और नहीं मिलता इसे विरले शिवलिंग के श्रेणी में रखा गया।

सौ बिल्वपत्र के बदले मिला सौ पुत्र

श्रीमद्राजीवलोचनमहात्म्य ग्रंथ के अनुसार राजा का उम्र बीतता चला जा रहा था। पुत्र की आकांक्षा से अनेक धार्मिक अनुष्ठान किये। व्रत, उपवास, दान,स्नान इत्यादि कृत्य के बाद भी मनोकामना पूर्ण नहीं हुई। थक हारकर राजा बैठ गये। एकाएक एक ब्रम्हऋषि से मुलाकात हुए। उन्होंने दण्डकारण्य स्थित त्रिवेणी संगम के मध्य में विराजमान कुलेश्वरनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन की बात कही। उनके कहे अनुसार पति-पत्नि तीन नदी के संगम पर स्नान किये तथा पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के जलाभिषेक पश्चात् 100 बिल्वपत्र चढ़ाये। जिसके कारण उन्हें सौ पुत्रों की प्राप्ति हुई।

मंदिर तीन ओर सीढ़ियों से घिरा

सोंढूर, पैरी एवं महानदी के संगम पर बने विशाल मंदिर नदी तल से 17 फुट ऊंची जगती तल पर बनाये गये है जिसमें बड़ी-बड़ी पत्थरों का उपयोग हुआ है। पहुंचने के लिए तीन ओर से सीढ़िंया हैं। पहला सीढी पूर्व दिशा की ओर, दूसरा उत्तराभिमुख तथा तीसरा दक्षिण दिशा में कम चौड़ाई के है। मंदिर निर्माण की तिथि सातवी शताब्दी बतायी जाती है। महामण्डप को पार कर गर्भगृह पहुंचा जाता है। जहां आशुतोष महादेव शिवलिंग के रूप में विराजमान है द्वितीय गर्भगृह में जगतजननी मां सीता स्थापित है। मंदिर के चौराहे पर विशाल पीपल का वृक्ष सुंदरता में चार चांद लगाये हुए है।



राम ने चतुर्मास किया व्यतीत

लोमश ऋषि का आश्रम कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर से तकरीबन 300 गज की दूरी पर स्थित है। त्रेतायुग में बनवास काल के दौरान रामचंद्र जी पहुंचे तब लोमश ऋषि से उनकी मुलाकात हुई। डॉ. मन्नुलाल यदु ने अपने लेख में लिखा है कि चतुर्मास रूककर रामचंद्र ने यहां मौजूद आसुरी शक्तियों का समूल नाश किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने राम वनगमन परिपथ के अंतर्गत राजिम का विकास कर रही है।

सोमवार को रहीं मंदिरों में भीड़

सोमवार को शिव का वार माना गया है इसलिए बड़ी संख्या में श्रध्दालुओं ने जल डालकर जलाभिषेक किये भीड़ ज्यादा होने के कारण कतारबध्द होकर अपने बारी का इंतजार किया। इसी तरह से अन्य मंदिरों में भी खासा भीड़ रही।

## राजिम मेला घूमने पहुंच रही लोगों की भीड़

माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि 14 दिनों तक चलने वाले प्रदेश का ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक मेले में आकर दर्शनार्थी अभिभूत हो रहे है। इस मेले में दूरदराज से आये दर्शनार्थियों से जब राजिम में आयोजित इस मेले के संदर्भ में उनकी राय जानना चाही तो उन्होंने बहुत ही प्रसन्नता के साथ अपने अनुभव साझा किये। ग्राम परस_ी से सपत्निक पहुंचे युवराज साहू ने बताया कि वे प्रतिवर्ष राजिम मेंले में आयोजित पुण्य स्नान के लिए आते है और हर बार उन्हें नया अनुभव की अनुभूति होती है। इस बार राजिम के मुख्य मंच के पास भगवान राम की विशालकाय मूर्ति को देखकर मन अभिभूत हो गए। इसी प्रकार भिलाई से पहुंचे रवि प्रकाश एवं बिलासपुर कोटा से आए अनिल कुमार ने अपना अनुभव बांटते हुए बताया कि इस बार राजिम मेला में आकर काफी प्रसन्नता हो रही है। जिस प्रकार से राजिम का सौन्दर्यकरण हुआ है यकीनन इससे राजिम की भव्यता और गरिमा में अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। तौरेंगा से पहुंचे नागेश तिवारी ने बताया कि राजिम अभी तक तीन नदियों के संगम के नाम से जाना जाता था लेकिन इस आयोजन के बाद अब संगम के तट पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं श्रध्दा और आस्था का अद्भुत संगम भी देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की लोक परम्परा और कला सांस्कृति को एक ही मंच पर देखने को मिल रहा है। भलेरा से पहुंचे रोशन साहू ने बताया कि राजिम पहुंचकर जो आध्यात्मिक शांति की अनुभूति होती है वह एहसास और कहीं के धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मैने महसूस नहीं की है। मेरा परिवार सालभर तक राजिम के पुन्नी मेला का बेसब्री से इंतजार करते है। इतना ही नहीं राजिम के इस मेले में प्रदेशभर के दर्शनार्थियों के द्वारा देश-विदेश के लोग भी राजिम पहुंच रहे है।

# जनदर्शन में कलेक्टर से मिलकर लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

### कलेक्टर ने आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी एवं निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनदर्शन में ग्राम उलखर निवासी गजायर जाटवर ने बस स्टैण्ड के अंदर गदंगी के संबंध में आवेदन लेकर आए थे, उनका कहना था कि सारंगढ़ बस स्टैण्ड में नाली का पानी बह रहा है एवं कचरे एकत्रित होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने सीएमओ सारंगढ़ को कार्रवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह प.ह.न.52 के किसानों ने पटवारी द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनुपस्थित रहने की शिकायत लेकर आए थे। इसी प्रकार ग्राम सराईपाली निवासी मालिकराम पटेल ने आनलाईन खसरा नंबर सुधार हेतु आवेदन लेकर लाए थे, उन्होंने रकबा संशोधन करवाने के लिए आग्रह किया। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने एसडीएम सारंगढ़ को उचित कार्रवाही करने हेतु निर्देशित किया। वार्ड नंबर 12 भटगांव की रहने वाली मजदूर महिला मखनी बाई ने अपने भतीजे के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि बलपूर्वक उनका भतीजा उनके खुद के मकान में कब्जा कर लिया है और हमें घर से निकाल दिया है। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार को मौका-मुआयना करते हुए मामले की जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए है। ग्राम-सरसीवा की बसंती वृद्धा पेंशन के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि पहले वृद्धा पेंशन मिलता था, लेकिन अब नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से जीवन-यापन में काफी कठिनाई हो रही है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच के निर्देश दिए है।

जनदर्शन में आज कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें राशन कार्ड, पेंशन, आवास, सीमांकन एवं मुआवजा संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने संबंधित विभाग को प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्टेशन में लंगूरों का आतंक, दो को काटा

**बिलासपुर।** बिलासपुर जोनल स्टेशन में मधुमक्खी के बाद अब लंगूरों आतंक मचा रहे हैं। शनिवार की शाम को उन्होंने दो स्टालकर्मी को अपना निशाना बनाया।

जैसे ही स्टालकर्मी को काटने की घटना सामने आई स्टेशन में कुछ देर के लिए हडक़ंप मच गया। स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दी गई। लेकिन, कोई भी सामने नहीं आया। घायलों ने खुद के खर्च से इलाज कराया।

रेलवे स्टेशन को बेहद संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां हमेशा भीड़ रहती है। यही वजह है कि आरपीएफ व जीआरपी के द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। गेट क्रमांक तीन पर लगेज स्केनर मशीन लगाई गई। जिससे यात्रियों के सामानों की जांच होती है। इसके अलावा आरपीएफ बल सदस्य के अलावा जीआरपी भी नियमित ट्रेनों की जांच करती है। आरपीएफ के पास डाग स्क्वायड टीम भी है। बम विस्फोट या अन्य अपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए तो रेलवे के पास पर्याप्त संसाधन है। इनकी उपलब्धता देख यात्री भी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। लेकिन, अभी यात्री, स्टाल कर्मचारी या यात्रियों के स्वजनों के सामने ऐसी समस्या आ गई है, जिसे दूर करने के लिए रेल प्रशासन के पुख्ता इंतजाम नहीं है।

स्टेशन में अब तक कुत्ते या मवेशी ही नजर आते थे। लेकिन, अब मधुमक्खी और लंगूर भी स्टेशन में घुस रहे हैं। मधुमक्खियों ने अब तक कई यात्री, आटो चालकों को काटा है। इसे भगाने के लिए रेलवे ने छत्ते में दवा का छिडक़ाव भी किया। शुक्रवार की रात इससे यात्रियों को राहत मिली तो शनिवार शाम को रेलवे स्टेशन में लंगूरों का झुंड घुस गया।

कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। लेकिन, दो कर्मी उनसे बचकर नहीं भाग सके। लिहाजा आकाश व राहुल नाम के दो स्टालकर्मियों को लंगूरों ने काटकर घायल भी कर दिया। इस पर अन्य सहकर्मी उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भी लेकर गए।

# स्कार्पियों व तवेरा वाहन से 34 नग साल चिरान के साथ चार तस्कर पकड़ाए

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त जगदलपुर के सतत मार्ग दर्शन में राज्य स्तर पर अवैध तस्करी व अवैध कटाई पर कड़ाई करने के निर्देशानुसार मिली सूचना पर ग्राम बामनारास में परिक्षेत्र जगदलपुर के वन कर्मचारियों द्वारा घेराबंदी कर बीती रात्रि लगभग 01 बजे दो वाहन स्कार्पियों वाहन क्र. सीजी 18 टी/0342 में अवैध साल चिरान 13 नग=0.163 घ.मी. वाहन मालिक/चालक अमित कश्यप पिता ललना कश्यप एवं लक्ष्मण पिता सुरू जाति माडिया ग्राम चिड़पाल एवं टवेरा वाहन सीजी.-04 एचए 3641 में अवैध साल चिरान 21 नग 0.265 घ.मी. वाहन चालक मालिक सेश्वर यादव पिता सुंदर एवं सम्मात पिता भुरसू ग्राम चिडपाल को मय वाहन जप्त कर पीओआर. क्र. 16789/10 एवं 16789/11 को 13 फरवरी 2023 को जारी किया गया। वाहन जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही जारी है, इस अभियान से कर्मचारियों का मनोबल बड़ा है, वन संपदा के चोरों एवं तस्करों में भय व्याप्त भी हुआ है। मुख्य वन संरक्षक मो. शाहिद, वनमण्डलाधिकारी डीपी साहू ने इस अभियान को अनवरत जारी रखने का निर्देश देते हुये सभी रेंज जगदलपुर के कर्मचारियों को बधाई दी है।

अवैध चिरान पर कार्यवाही अभियान में अभिशेन श्रीवास्तव, अमित झा, निर्मल देवांगन, प्रमोद नेताम, दामोदर सेठिया, शंभूनाथ मौर्य सुखराम कश्यप रामसिंह बघेल संजीत बोस एवं वन प्रबंधन समिति सदस्यों का योगदान रहा है।

# एसएसपी ने की थाना कोतवाली का निरीक्षण, किया कार्यों का आकलन

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला पुलिस बल का पदभार लेते ही देहात थाना,चौकी का सिलसिलेवार निरीक्षण किया गया और प्रभारियों को कमी पूर्ति को दुरुस्त करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। देहात थानों के बाद अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा शहर के थानों का निरीक्षण प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाना सिटी कोतवाली पहुंचे जिन्हें थाने के ससस्त्र बल द्वारा सलामी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना स्टाफ से एक-एक कर उनके ड्यूटी और निजी समस्याओं के संबंध में चर्चा फिर उनके द्वारा विधिवत संपूर्ण थाने के आर्म्स रूम, रिकार्ड रूम, माल खाना, बंदी गृह, सीसीटीएनसी रूम, बैरक तथा परिसर का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा थाना प्रभारी तथा थाने में उपस्थित दिवस अधिकारी, लेखक मोहर्रिर और थाना कार्य में लगे कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी लिये और थाने में आये पीड़ित से शालीनतापूर्वक उसकी बात को सुनते हुए सम्पूर्ण जानकारी को नोट कर उचित विधि अनुरूप कार्यवाही करने कहा गया। थाने की साफ-सफाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बेहतर बताया गया। उन्होंने थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को शहर की पेट्रोलिंग को बेहद प्रभावी रखने का निर्देश दिया गया और क्षेत्र के गुंडा बदमाशों और संदिग्धों पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके द्वारा थाने के अपराध जरायम चेक कर थाना प्रभारी को लंबित अपराधों और शिकायतों के 15 दिवस में निकालकर अवगत कराने का निर्देश दिया गया तथा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय को थाने के लंबित मर्ग, जब्ती माल, पीड़ित क्षतिपूर्ति के निकाल कराये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया है। अपने निरीक्षण दौरान एसएसपी ने थाने के सभी कर्मचारियों को अपने ड्यूटी के माध्यम से रायगढ़ पुलिस के लिए अच्छे कार्य का प्रदर्शन करने कहा गया है।



# एक लाख के इनामी सहित 3 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक लाख के इनामी नक्सली पोलमपल्ली जनमिलिशिया कमांडर मडक़म कोसा के साथ दो सहयोगियों मडक़म देवा और माड़वी जोगा सुरक्षाबल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के निशानदेही पर विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। तीनों नक्सली आरोपी थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 14 मार्च 22 को रसावांग नाला के पास करीगुण्डम रोड में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी लगाने की घटना में शामिल थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवीन कैम्प तोण्डामरका स्थापना के दौरान नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी कोंटा, डीआरजी ग्रेहाउण्स, एसटीएफ मिनपा, 131 वाहिनी सीआरपीएफ, 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी गुण्डराज टेकरी व आस-पास जंगल की ओर की एरिया डोमिनेशन हेतु रवाना हुई। इस दौरान गुण्डराज टेकरी के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये। जो पुलिस पार्टी को अपनी ओर आते हुए देख कर भागने व छिपने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर नक्सलियों की पहचान एक लाख के इनामी पोलमपल्ली जनमिलिशिया कमांडर मडक़म कोसा, नक्सली सहयोगी मडक़म देवा और माड़वी जोगा के रूप में हुई।



गिरफ्तार नक्सलियों के निशान देही पर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नियत से छुपाकर रखे विस्फोट सामग्री बरामद किया गया। जिसमें कार्डेक्स वायर 8-10 मीटर, जिलेटिन रॉड 03 नग, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 08 नग, नक्सली काली वर्दी 01 जोड़ी व अन्य सामग्री बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को उक्त प्रकरण में चिंतागुफा थाना प्रभारी एसआई अशोक यादव के द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक स्थिति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# चरवाहे मोहित ने गोबर बेचकर जमीन खरीदने का सपना किया पूरा

### गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचकर कमाये 1.10 लाख रूपए

**रायपुर (आरएनएस)।** कुछ सालों पहले शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि गोबर भी किसी का जीवन बदल सकता है। लेकिन छत्तीगढ़ में गोधन न्याय योजना के लागू होते ही कई लोगों के जीवन में सुखद परिवर्तन देखने को मिल रहा है। यहां गौठान समितियां आर्थिक रूप से सशक्त तो बन ही रही हैं, बल्कि आम ग्रामीणों और गोधन की सेवा से जुड़े चरवाहों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। गोबर से कण्डे बनाने तक सीमित रहने वाले चरवाहों के भाग्य भी इस योजना से खुलने लगे हैं। धमतरी जिले के ग्राम पोटियाडीह के 61 वर्षीय चरवाहे मोहित ने गोबर बेचकर जमा की राशि से अपने जमीन खरीदने के सपने को पूरा कर लिया।



श्री मोहितराम यादव ने बताया कि लगभग ढाई साल पहले तक वह गोबर से कण्डे बनाकर उसका उपयोग घरेलू ईंधन के तौर पर करते थे। बचे हुए कण्डों को वे औने-पौने दाम में बेच दिया करते थे। गोधन न्याय योजना के लागू होने से प्रतिदिन गोबर बेचकर उन्होंने एक लाख से अधिक की राशि अर्जित कर ली। जब से गोधन न्याय योजना आई है तब से उनका भाग्य चमक उठा है। उन्होंने उत्साहित होकर ठेठ बोली में कहा कि- हमर सरकार हमरे मन असन रोजी-मजदूरी करके गुजारा करने वाला मन बर ए योजना ल बनाय हवै..। कभू नई सोंचे रेहेन कि गउठान म गोबर बेच के हमर जिनगी संवर जाही...!'

श्री यादव ने बताया कि पोटियाडीह में गौठान बनने के बाद से वह रोजाना औसतन 50 किलोग्राम गोबर बेचा करते हैं, जिससे उनकी चरवाहे के काम के अतिरिक्त 100 रूपए प्रतिदिन की कमाई हो जाती है। अब तक उन्होंने 550 क्विंटल गोबर बेचकर एक लाख 10 हजार रूपए की आय अर्जित की है। उन्होंने ने बताया कि बड़े बेटे की शादी के बाद उन्होंने घर बनाने की सोचा। उन्होंने जमा पूंजी से गांव में ही 14 डिसमिल प्लॉट खरीदने का सौदा कर लिया, लेकिन रजिस्ट्री के लिए एक लाख से अधिक राशि लगने का पता चला तो उनकी चिंता बढ़ गयी। फिर उनकी पत्नी द्रौपती ने शासन से गोबर बेचने से मिली राशि की याद दिलाई। फिर क्या था, जमा राशि को निकालकर यादव ने जमीन की तत्काल रजिस्ट्री करा ली। जमीन खरीद कर यादव और उनका परिवार बेहद खुश हैं। द्रौपती ने बताया कि वह गौठान समिति की सक्रिय सदस्य हैं। उनके घर में 8 गाय-भैंस, 26 बकरे-बकरियां और लगभग 32 मुर्गे-मुर्गियां हैं। कल तक मुश्किल से जीवनयापन करने वाले यादव परिवार के जीवन में गोधन न्याय योजना ने खुशियों के नये रंग भरे हैं इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार जताया है।